http://www.mpboardonline.com

प्रश्नों की कुल संख्या-12

# वार्षिक मूल्यांकन-2019

रोल नं. 

मुद्रित पृष्ठों की कुल संख्या-6

## कक्षा- 6

सेट- B

## विषय - गणित

समय - 3 घंटे | पूर्णांक - 90

**सूचना** - सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए- (5)

(i) 599 की परवर्ती संख्या है -

(अ) 599 (ब) 600

(स) 598 (द) 597

(ii) निम्नलिखित में कौन-सी संख्या 3 से विभाज्य है -

(अ) 53 (ब) 61

(स) 97 (द) 63

(iii) एक समकोण का मान होता है -

(अ) $30^0$ (ब) $90^0$

(स) $60^0$ (द) $100^0$

(iv) $\frac{3}{8}+\frac{5}{8}$ का हल है।

(अ) 1 (ब) 3

(स) 5 (द) 8

(v) सबसे छोटे धनात्मक पूर्णांक का मान होता है -

(अ) 0 (ब) 1

(स) 2 (द) 3

P.T.O.

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - (4)

(i) "2m में 11 जोड़ना" का व्यंजक रूप .......... है।

(ii) $\frac{40}{200} = \frac{1}{\square}$

(iii) तीन भुजाओं वाला बहुभुज .......... कहलाता है।

(iv) इस मिलान चिन्ह 𝍸 का प्रयोग संख्या ..........के लिए होता है।

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों को हल कीजिए - (18)

(i) 10001 से ठीक पहले आने वाली तीन पूर्ण संख्याएँ लिखिए।

(ii) निम्नलिखित संख्याओं के प्रथम तीन गुणज लिखिए।

(अ) 5 (ब) 8

(iii) एक वृत्त खींचिए और निम्नलिखित को अंकित कीजिए।

(अ) केन्द्र (ब) एक वृत्त खण्ड

(स) त्रिज्या

(iv) निम्नलिखित वस्तुएँ किस आकार की है -

(अ) एक माचिस की डिब्बी

(ब) सड़क बनाने वाला रोलर

(स) एक लड्डू

(v) एक वर्ग की भुजा ज्ञात कीजिए, जिसकी परिमाप 20 मी. है।

(vi) अंग्रेजी वर्णमाला के ऐसे 2 अक्षरों को लिखिए, जिसमें केवल एक उर्ध्वाधर सममित रेखा (अक्ष) हो।

Scanned by CamScanner

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों को हल कीजिए -

(अ) संख्या रेखा खींचिए और उस पर निम्नलिखित भिन्नों को बिन्दु रूप में दर्शाइए।

$\frac{1}{2}, \frac{1}{4}, \frac{3}{4}, \frac{4}{4}$

(ब) कोणों के आधार पर त्रिभुजों के प्रकार समझाइये।

(स) एक आयताकार गत्ते का क्षेत्रफल 36 वर्ग सेमी तथा इसकी लम्बाई 9 सेमी है। गत्ते की चौड़ाई ज्ञात कीजिए।

प्रश्न 5. एकता एक दिन में रु. 3000 अर्जित करती है। 30 दिनों में वह कितने रुपये अर्जित करेगी? (5)

**अथवा**

एक दर्जन साबुन की टिक्कियों का मूल्य रु. 156 है। ऐसी ही 15 साबुन की टिक्कियों का मूल्य ज्ञात कीजिए?

प्रश्न 6. सोनू ने रु. 35.75 में गणित की और रु. 32.60 में विज्ञान की पुस्तक खरीदी। सोनू द्वारा कुल कितने रुपये खर्च किए गए? (5)

**अथवा**

रानी के पास रु. 18.50 है। उसने रु. 11.75 की एक आइसक्रीम खरीदी। अब उसके पास कितने रुपये बचे?

प्रश्न 7. निम्नलिखित संख्याओं को आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए- (5)


847, 9754, 8320, 571

**अथवा**

निम्नलिखित संख्याओं को अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए -

5000, 7500, 85400, 7861

प्रश्न 8. इस दंड आलेख को देखिए जो अजीत द्वारा अर्द्धवार्षिक परीक्षा में विभिन्न विषयों में प्राप्त किए गए अंकों को प्रदर्शित करता है।(5)




अब निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(अ) किस विषय में अजीत ने अधिकतम अंक प्राप्त किए?

(ब) किस विषय में अजीत ने न्यूनतम अंक प्राप्त किए?

(स) उपरोक्त दण्ड आलेख में क्या सूचना दर्शाई गई है?

**अथवा**

पाँच क्रमागत दिनों में किसी दुकानदार द्वारा बेची गई गणित की पुस्तकों की संख्या नीचे दी गई है -

| दिन | बेची गई गणित की पुस्तकों की संख्या |
|---|---|
| सोमवार | 40 |
| मंगलवार | 30 |
| बुधवार | 50 |
| गुरूवार | 20 |
| शुक्रवार | 70 |

अपनी पसंद का पैमाना चुनते हुए एक दंड आलेख खींचिए।

प्रश्न 9. 7.6 सेमी लम्बाई का एक रेखाखण्ड खींचिए और उसका लम्ब समद्विभाजक खींचिए। (7)

**अथवा**

$60^0$ माप वाले एक कोण की रचना कीजिये और उसका समद्विभाजक खींचिए।

प्रश्न 10. गुणन नियमों का प्रयोग कर गुणनफल ज्ञात कीजिए। (7)

(i) $4 \times 166 \times 25$ (ii) $125 \times 40 \times 8$

**अथवा**

गुणन नियमों का प्रयोग करके गुणनफल ज्ञात कीजिए?

(i) $738 \times 103$ (ii) $258 \times 1008$

प्रश्न 11. निम्नलिखित के लिये व्यंजक लिखिए। (7)

(i) 2m में से 11 घटाना।

(ii) y का 5 गुणा।

(iii) y के 5 गुणे में से 3 घटाना।

(iv) y का – 8 गुना।

(v) y का 5 से गुणा कर परिणाम को 16 में से घटाना।

**अथवा**

सरिता की वर्तमान आयु y वर्ष है। अब निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) आज से 5 वर्ष बाद उसकी आयु क्या होगी?

(ii) 3 वर्ष पहले उसकी आयु क्या थी?

(iii) सरिता के दादाजी की आयु उसकी वर्तमान आयु की 6 गुनी है। उसके दादाजी की वर्तमान आयु है?

(iv) उसकी दादीजी, दादाजी से 2 वर्ष छोटी हैं। दादीजी की आयु क्या है?

(v) सरिता के पिता की आयु सरिता की वर्तमान आयु के तीन गुने से 5 वर्ष अधिक है। उसके पिता की आयु क्या है?

प्रश्न 12. 6, 8, 12 से विभाज्य तीन अंकों की सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए। (7)

**अथवा**

8, 10, 12 से विभाज्य तीन अंकों की सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।